# मोदी ने किया साहित्य अकादमी के बुक स्टॉल का अवलोकन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोडोलैंड महोत्सव में साहित्य अकादमी के बुक स्टॉल का शुक्रवार देरशाम अवलोकन किया। मोदी इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित पहले बोडोलैंड महोत्सव में पहुंचे थे। उन्होंने साहित्य अकादमी के स्टाल को देखा।

साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने शनिवार को बताया कि मोदी ने बोडो भाषा में प्रकाशित पुस्तकों की जानकारी ली और कुछ पुस्तकों को हाथ में

**पहला बोडोलैंड महोत्सव**

लेकर भी देखा। वह स्टाल पर लगभग पांच मिनट तक रहे। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार देर शाम राष्ट्रीय राजधानी में प्रथम बोडोलैंड महोत्सव का उद्घाटन किया था। महोत्सव में साहित्य अकादमी ने बोडो साहित्य पर एक स्टाल लगाया है। दो दिवसीय इस उत्सव में बोडो समुदाय की सांस्कृतिक, भाषाई और साहित्यिक विरासत को विभिन्न कार्यक्रमों से प्रदर्शित किया जा रहा है। श्रीनिवासराव ने बताया कि साहित्य अकादमी से मान्यताप्राप्त भाषाओं में बोडो भाषा भी शामिल है। जबसे सरकार ने अपनी आठवीं अनुसूची में बोडो भाषा को शामिल किया तबसे अकादमी बोडो भाषा में साहित्य अकादमी पुरस्कार, अनुवाद पुरस्कार और वर्ष 2010 से बाल साहित्य पुरस्कार एवं 2011 से युवा पुरस्कार भी प्रदान कर रही है। इसके अलावा अकादमी बोडो भाषा में निरंतर नवीन प्रकाशन के साथ ही अकादमी के विभिन्न प्रादेशिक और राष्ट्रीय कार्यक्रमों में बोडो भाषा के लेखकों और विद्वानों को भी शामिल करती है।



बोडोलैंड महोत्सव में साहित्य अकादमी के बुक स्टॉल का अवलोकन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। फोटो : एसएनबी